भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1405
दिनांक 31.07.2024 को उत्तर के लिए

एनवाईपीएस के अंतर्गत आयोजित किए गए मॉक सत्र/युवा संसद

1405. **श्रीमती स्मिता उदय वाघ:**
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:
श्री महेंद्र सिंह सोलंकी:
श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा:
डॉ. विनोद कुमार बिंद:
श्रीमती हिमाद्री सिंह:
श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:

क्या संसदीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय युवा संसद योजना (एनवाईपीएस) के अंतर्गत उनके समन्वयकों के साथ महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा और उत्तर प्रदेश सहित राज्य-वार कितने मॉक सत्र/युवा संसद आयोजित किए गए हैं;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत इन मॉक सत्रों में भाग लेने वाले संस्थानों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ग) इस योजना के अंतर्गत आवेदकों/प्रतिभागियों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क), (ख) और (ग): राष्ट्रीय युवा संसद योजना (एनवाईपीएस) के वेब पोर्टल का शुभारंभ 26 नवंबर, 2019 को किया गया था। देश के सभी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान एनवाईपीएस पोर्टल के माध्यम से प्रतिभागिता के लिए पात्र हैं, जिसे https://nyps.mpa.gov.in/ पर ऐक्सेस किया जा सकता है।

22 जुलाई, 2024 तक राष्ट्रीय युवा संसद योजना (एनवाईपीएस) के अंतर्गत युवा संसद की 1227 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। एनवाईपीएस के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार आयोजित युवा संसद की बैठकें, इन बैठकों में भाग लेने वाले संस्थानों की संख्या और आवेदकों की कुल संख्या (पंजीकरण- युवा संसद की एक से अधिक बैठक आयोजित करने वाले संस्थानों सहित) निम्न प्रकार हैं:-

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पिछले 5 वर्ष में एनवाईपीएस योजना में संचालित युवा संसद की कुल बैठकें	संस्थानों की संख्या	आवेदकों (पंजीकरणों) की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह *	10	8	100
2	आन्ध्र प्रदेश	59	50	2144
3	अरूणाचल प्रदेश	5	5	49
4	असम	28	27	261
5	बिहार	30	27	458
6	चंडीगढ़ *	13	10	54
7	छत्तीसगढ़	39	36	221
8	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव*	0	0	17
9	दिल्ली *	115	89	626
10	गोवा	16	14	215
11	गुजरात	33	27	318
12	हरियाणा	58	48	328
13	हिमाचल प्रदेश	40	37	459
14	जम्मू और कश्मीर *	31	27	818
15	झारखंड	27	20	179
16	कर्नाटक	46	40	415
17	केरल	55	49	246
18	लद्दाख *	1	1	11
19	लक्षद्वीप *	1	1	5
20	मध्य प्रदेश	71	62	424
21	महाराष्ट्र	63	53	684
22	मणिपुर	5	5	40
23	मेघालय	4	4	35
24	मिजोरम	3	3	36
25	नागालैंड	8	8	54
26	ओडिशा	24	23	239
27	पुडुचेरी *	4	2	46
28	पंजाब	61	50	453
29	राजस्थान	59	46	680
30	सिक्किम	9	6	67
31	तमिलनाडु	91	73	1680
32	तेलंगाना	27	23	134
33	त्रिपुरा	7	6	34
34	उत्तर प्रदेश	79	67	694
35	उत्तराखंड	28	22	259
36	पश्चिम बंगाल	77	57	293
	कुल	**1227**	**1026**	**12776**

* संघ राज्य क्षेत्र

***